नोएडा/गाजियाबाद संस्करण
पंजाब केसरी
युवा भारत युवा अखबार
fb/punjabkesarinational punjabkesari.com twitter@punjabkesarinat
सोमवार 13 नवम्बर, 2017 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 28 कार्तिक 2074

खामोश ! हिन्दी है व्यवहार की भाषा

नोएडा,(पंजाब केसरी): सेक्टर-16ए फिल्म सिटी स्थित मारवाह स्टूडियो में चल रहे दसवें फिल्म फेस्टीवल में रविवार को बॉलीवुड के दो दिग्गज शत्रुघ्न सिन्हा और जैकी श्रॉप पहुंचे। इन दोनों अभिनेताओं के अलावा कार्यक्रम में भाजपा नेता और मंत्री विजय कुमार गोयल, सुशांत सिंह, बीएन तिवारी आदि भी उपस्थित रहें। इस दौरान जितने भी फिल्म जगत की हस्तियां पहुंची, उन्हें सम्मानित किया गया। दिलीप कुमार को इस समारोह में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा जाएगा। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा की मां की भाषा संस्कार देती हैं, हिंदी भाषा व्यवहार देती है और विदेशी भाषा व्यापार देती है, इसीलिए सबको अपनाओ। जैकी श्रॉफ ने कहा यह समारोह अपने आप में एक अलग शुरूआत है हिंदी सिनेमा को बढ़ावा देने की। विजय कुमार गोयल ने कहा की हिंदी फिल्मों की वजह से हिंदी भाषा को विश्व स्तर पर बड़ी पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि विदेशी लोग भी अब हिंदी बोलना और सीखना चाहते हैं। सुशांत सिंह ने कहा कि इस समारोह से हिंदी सिनेमा की बहुत सी भाषाओं और बोलियों का भी विस्तार हो रहा है। अब पंजाबी गाने भी विदेशी गा रहे हैं। मारवाह स्टूडियो के निदेशक संदीप मारवाह ने कहा कि भारतीय हिंदी सिनेमा विश्व में अपनी पहचान रखता है। आज किसी न किसी हिंदी फिल्म की चर्चा विश्व में होती रहती है, पर भारत में अनेक राज्य और उनकी भाषाएं हैं और जो अपनी बोलियों को बढ़ावा दे रहे हैं।

फिल्म सिटी में आयोजित दसवें फिल्म फेस्टीवल में पहुंचे बॉलीवुड के दिग्गज जैकी श्रॉप और शत्रुघ्न सिन्हा।